# खेल एक नज़र में



क्रिकेट की बात चले और दिलीप वेंगसरकर उर्फ कर्नल को याद ना किया जाए ऐसा नहीं हो सकता। हम आपको बता दें कि दिलीप वेंगसरकर के नाम है वह उपलब्धि, जो सुनील गावस्कर, सचिन तेंदुलकर भी हासिल नहीं कर पाए। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर कवर ड्राइव का मास्टर माना जाता था, इनके नाम लाड्र्स के मैदान पर लगातार तीन शतक हैं।



आईपीएल ने इस बार 8 अलग–अलग शहरों में ओपनिंग सेरेमनी रखीं हैं, इस सीरीज का पहला आयोजन बुधवार को हैदराबाद में हुआ थाए जिसमें एक्ट्रेस एमी जैक्सन ने दर्शकों को भरपूर मनोरंजन किया और बॉलीवुड गीतों पर खास प्रस्तुतियां दीं। काला चश्मा गीत पर एमी जैक्सन का डांस देख झूमे दर्शक गूंज उठा स्टेडियम इंडियन प्रीमियर लीग आईपीएल के सीजन 10 का शुभारंभ हो गया है, सेरेमनी की शुरुआत फिल्म लगान के गीत बार बार हां, बोल यार हां से हुई गीत के बोल सुनकर दर्शक झूम उठे।



पाकिस्तान की कप्तानी छोड़ेंगे मिस्बाह उल हक, संन्यास लेने का किया ऐलान – पाकिस्तानी क्रिकेट टीम के कप्तान मिस्बाह उल हक ने संन्यास लेने की घोषणा की है। उन्होंने लाहौर में गुरुवार को एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि वह वेस्टइंडीज दौरे के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे।



शेन वॉटसन की धुलाई एक ओवर में लगाए चार चौके
टीम इंडिया की ओर से खेल चुके ओपनर शिखर धवन के लिए आईपीएल टूर्नामेंट अपना बल्लेबाजी फॉर्म दिखाने का सुनहरा मौका था। सनराइजर्स हैदराबाद के पहले मैच के लिहाज से बात करें तो दिल्ली के बाएं हाथ के बल्लेबाज ने इस मौके पर अपनी चमक दिखाई।



सर विव रिचड्र्स के बिंदास बोल मुझे विराट कोहली का आक्रामक अंदाज पसंद है, दुनिया के सबसे आक्रामक बल्लेबाजों में गिने जाने वाले वेस्टइंडीज के सर विव रिचड्र्स को विराट कोहली के आक्रामक लहजे में कुछ भी गलत नजर नहीं आता, रिचड्र्स ने कहा कि मुझे विराट का आक्रामक अंदाज बेहद पसंद आता है, कप्तान के तौर पर वह अपने खिलाड़ियों को डिफेंड करता है और मैं इसमें कुछ भी गलत नहीं मानता हूॅ।



रियो ओलिम्पक 2016 में रजत पदक जीतने वाली भारतीय महिला खिलाड़ी पी.वी.संधु ने अपने करियर की सर्वोच्च रैंकिंग हासिल कर ली है। वह गुरुवार को जारी विश्व बैडमिंटन महासंघ की वैश्विक रैकिंग में दूसरे स्थान पर आ गई हैं। सिंधु ने हाल ही में स्पेन की कैरोलिना मारिन को इंडिया ओपन के फाइनल में हराकर खिताब अपने नाम किया था। मारिन ने ही सिंधु को रियो में हराकर स्वर्ण से महरूम किया था। सिंधु ने रैंकिंग में तीन स्थान की छलांग लगाई है। उन्होंने जापान की अकाने यामुगाची को पीछे छोड़ा है। वह इसके साथ भी शीर्ष पांच में आने वाली दूसरी भारतीय महिला बन गई हैं।



के श्याम कुमार 49 किलोग्राम वर्ग और रोहित टोकस 64 किलोग्राम वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचने से भारत ने बैंकाक में चल रहे थाईलैंड अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी टूर्नामेंट में दो पदक पक्के कर लिए हैं। दोनों मुक्केबाजों ने पिछले साल गुवाहाटी में सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया था। मुकाबलों में श्याम ने थाईलैंड के समक सेहन और रोहित ने कजाखिस्तान के कुआतोव कुआन को हराया।




बल्लेबाजी रैंकिंग में एबी डिविलियर्स और डेविड वॉर्नर से पीछे हैं विराट कोहली

### वनडे रैंकिंग टीम इंडिया चौथे स्थान पर

टेस्ट में दुनिया की नंबर एक बनी टीम इंडिया इस समय वनडे रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज है, जून में प्रारंभ होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में टीम की कोशिश अच्छा प्रदर्शन कर अपनी वनडे रैंकिंग में सुधार करने की होगी, भारत ने ढाई महीने से अधिक समय से 50 ओवर के प्रारूप में नहीं खेलने के बावजूद नवीनतम आईसीसी वनडे टीम रैंकिंग में अपना चौथा स्थान बरकरार रखा है।




वीरेंद्र सहवाग जब बैटिंग करने उतरते थे, तो अच्छे से अच्छे गेंदबाज के पसीने छूट जाते थे, उन्हें लगता था कि अगर इसे जल्दी आउट नहीं कर पाए, तो फिर क्या होगा! सहवाग गेंद पर निर्ममता से प्रहार करने के लिए मशहूर थे, जाहिर है जब उन्होंने संन्यास लिया था, तो कई गेंदबाजों ने राहत की सांस की सांस ली होगी, हालांकि क्रिकेट छोड़ने के बाद भी उनका धमाकेदार अंदाज बरकरार है, और वह सोशल मीडिया पर लोगों का अपने कमेंट के जरिए मनोरंजन कर रहे हैं, उनके ट्वीट देखते ही देखते वायरल हो जाते हैं, वैसे उनके साथी क्रिकेटरों का कहना है कि वह मैच के दौरान या उससे बाहर भी मजाकिया मूड में ही रहते थे,और टांग खींचते रहते थे, अब सचिन तेंदुलकर ने एक तस्वीर साझा की है, जिसमें वह सहवाग के साथ नजर आ रहे है, सचिन ने इस खास तस्वीर को लेकर फेन्स से सवाल किया है कि बूझो हम क्या बात कर रहे हैं। सहवाग अपनी बातों से भी चौका या छक्का लगा देते हैं, सचिन ने जो फोटो शेयर की हैए उसमें सहवाग कुछ ऐसी ही मुद्रा में दिख रहे हैं, ऐसा लग रहा है जैसे सहवाग सचिन की कोई बात जाहिर करना चाहते हैं और सचिन उन्हें ऐसा नहीं करने के लिए कह रहे हैं।

## धोनी और आईपीएल



आईपीएल में धोनी को राइजिंग पुणे सुपरजॉयन्ट्स के मैनेजमेंट ने कप्तानी से हटा दिया, ऐसे में अब उन्हें टीम में अपनी उपयोगिता साबित करनी होगी। दूसरी ओर महंगे खिलाड़ियों के मामले में इस लीग का अनुभव बहुत अच्छा नहीं रहा है, ऐसे में 14.5 करोड़ में बिके इंग्लैंड के ऑलराउंडर बेन स्टोक्स को गेंद-बल्ले दोनों से कमाल करना होगा। आईपीएल इस वर्ष अपने 10 वें वर्ष में प्रवेश कर गया है, अपने इस सफर में फटाफट क्रिकेट के इस मेले ने देश-विदेश के क्रिकेटरों को भरपूर मनोरंजन प्रदान किया है, घरेलू क्रिकेट की प्रतिभाओं को निखारने के लिहाज से भी यह टूर्नामेंट बेहद अहम रहा है, पवन नेगी, हार्दिक पांड्या, यजुवेंद्र चहल और कुलदीप यादव जैसे कई क्रिकेटरों को इस टूर्नामेंट के जरिये पहचान मिली और इसके बाद वे टीम इंडिया में भी स्थान बनाने में कामयाब रहे, आईपीएल महेंद्र सिंह के कप्तानी कौशल का भी गवाह रहा है।

## मोटर रेसिंग

**युवा भारतीय मोटरस्पोट्र्स रेसर अरमान इब्राहिम ने एफआइए विश्व चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के अपने सपनों को ऊंची उड़ान देते हुए लेंबोरगिनी सुपर ट्रोफेयो एशिया चैंपियनशिप की प्रो क्लास प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेने के लिए करार किया है। अरमान एफएफएफरेसिंग टीम के लिए इस चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे, जहां उनके सहयोगी ब्रिटेन के युवा रेसर जैक बार्थोलोमेयू होंगे। इन दोनों के अलावा एफएफएफकी दूसरी जोड़ी के रूप में दिग्गज कैरी श्रनर और रिचर्ड स्पाइक गॉडर्डा होंगे। रेसिंग टीम के मालिक सीन फुसोंगयांग ने कहा कि हम अरमान को अपने सुपर ट्रोफेयो एशिया कार्यक्रम में शामिल करते हुए खुशी महसूस कर रहे हैं। वह विजेता खिलाड़ी हैं और जैक के साथ जोड़ी बनाने के बाद उन्हें पराजित करना आसान नहीं होगा।**

शुरुआती मैच में युवराज की तूफानी पारी के आगे दबकर रह गई बुजुर्ग आशीष नेहरा की यह बड़ी उपलब्धि इंडियन प्रीमियर लीग के 10वें संस्करण के पहले मैच में युवराज सिंह की धमाकेदार पारी के आगे एक अन्य बाएं हाथ के खिलाड़ी की उपलब्धि दबकर रह गई। युवराज सिंह की धमाकेदार बल्लेबाजी से डर रहे हैं, मगर खुश भी हैं विराट कोहली आईपीएल10 के शुरुआती मैच में युवराज की तूफानी पारी ने उनकी टीम सनराइजर्स हैदराबाद को तो जीत दिलाई ही, टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली का भी दिल जीत लिया। युवराज सिंह की धमाकेदार फिफ्टी सब पर पड़ी भारी, हैदराबाद ने बैंगलोर को 35 रन से हराया आईपीएल के सीजन 10 की शुरुआत हो गई है। ओपनिंग सेरेमनी के रंगारंग समापन के बाद बारी गेंद और बल्ले से धूम मचाने की थी, उद्घाटन मैच हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच खेला गया, जिसमें हैदराबाद ने बैंगलोर को 35 रन से हरा दिया। युवराज सिंह की बल्लेबाजी ने दर्शकों का दिल जीता, चौकों और छक्कों की लगाई झड़ी - आईपीएल 10 के उद्घाटन मैच में बाएं हाथ के बल्लेबाज युवराज सिंह ने फिर दिखाया कि क्यों उन्हें गेंद पर निर्ममता से हिट करने वाले बल्लेबाजों में शुमार किया जाता है, युवी ने बुधवार को हैदराबाद में अपनी बिंदास बल्लेबाजी से पहले टी20 वर्ल्डकप की याद ताजा कर दी जब उन्होंने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके टीम इंडिया को चैंपियन बनाने में अहम योगदान दिया था।

## कश्मीर क्रिकेट मैच के दौरान पाकिस्तानी जर्सी पहन वहां का राष्ट्रगान गाने वाले युवकों पर कार्रवाई, पुलिस ने हिरासत में लिया

कश्मीर मे एक क्रिकेट मैच के दौरान एक क्लब के खिलाड़ियों द्वारा पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की जर्सी पहनने और पाकिस्तान का ही राष्ट्रगान गाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। राज्य की पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद दर्जन भर युवकों को हिरासत में ले लिया है, इस वीडियो में ये युवा पाकिस्तान का राष्ट्रगान गाते नजर आ रहे हैं। कश्मीर में एक क्रिकेट मैच के दौरान एक क्लब के खिलाड़ियों द्वारा पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की जर्सी पहनने और पाकिस्तान का ही राष्ट्रगान गाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है, गणराज्य की पुलिस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद दर्जन भर युवकों को हिरासत में ले लिया है, इस वीडियो में ये युवा पाकिस्तान का राष्ट्रगान गाते नजर आ रहे हैं, एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया, इन युवकों को पूछताछ के लिए हिरासत में रखा गया है, इन 12 युवकों को बुधवार रात उत्तरी कश्मीर के गांदरबल जिले से हिरासत में लिया गया, वीडियो में वे पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की पोशाक पहने देश का राष्ट्रगान गाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के सामने आने के बाद देश के विभिन्न हिस्सों में तीखी प्रतिक्रिया सामने आई थी। खास बात यह कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चेनानी.नाशरी टनल के उद्घाटन के लिए उस समय कश्मीर के दौरे पर थे और अलगाववादियों ने राज्य में मौजूद प्रधानमंत्री मोदी के विरोध में हड़ताल बुलाई थी, खबरों के अनुसार बाबा दरियाउद्दीन टीम के खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की जर्सी पहनी हुई थी जबकि विपक्षी टीम के खिलाड़ी सफेद जर्सी पहने दिखे। खबरों के अनुसार जब बाबा दरियाउद्दीन टीम के खिलाड़ियों से इस बारे में पूछा गया, तो उनके मुंह से वही रटी-रटाई कश्मीर के मुद्दे वाली बात निकली, टीम के खिलाडियों का कहना था कि वह अपने कश्मीरी भाई.बहनों को ये बताना चाहते थे कि वे कश्मीर मुद्दे को भूले नहीं है, हालांकि कुछ खिलाड़ी इसका समर्थन नहीं करना चाहते थे, लेकिन अन्य के दबाव में उन्हें ऐसा करना पड़ा, वैसे यह कोई नई बात नहीं है।

# Business News / बिजनेस न्यूज

## लागू हुआ जीएसटी तो एक्सचेंज ऑफर में सामान लेना पड़ेगा महंगा

**नई दिल्ली।** जीएसटी लागू होने पर कुछ सामान महंगे होने की आशंका है। सेकंड हैंड कार खरीदने और एक्सचेंज ऑफर में कोई सामान लेने पर जीएसटी लगाने का प्रस्ताव किया गया है। इस वजह से पुराने वाहन बेचने वाले डीलरों को कारोबारी पूंजी भी बढानी पड़ सकती है।

राजस्व सचिव हंसमुख अधिया ने स्पष्ट किया है कि जीएसटी व्यवस्था एक जुलाई से ही लागू होगी। उन्होंने कहा इसके लिए इंडस्ट्री को काफी समय दिया जा चुका है। नियमों को अंतिम रूप दिया जा चुका है और हमारा आईटी इंफास्ट्रक्चर भी तैयार है।

### ज्यादा टैक्स

. पुराने सामान बेचने पर भी नए के बराबर जीएसटी लगेगा अतिरिक्त टैक्स का भार डीलर ग्राहकों पर डालेंगे
. रिटेलर्स और डीलर्स को नए सिरे से तय करने होंगे ऑफर कंपनियों को बढानी होगी पूंजी एक्सचेंज स्कीम का कारोबार करने वाली कंपनियों को कार्यशील पूंजी बढानी होगी। भारत में सालाना 33 लाख सेकंड हैंड सामान बिकते हैं। स्मार्टफोन और कंज्यूमर ड्यूरेबल बनाने वाली कंपनियां इन नियमों के असर को लेकर सचेत हैं।

### सामान पुराना, लेकिन टैक्स लगेगा पूरा

एक अप्रैल को जारी ड्राफ्ट बिल में ये प्रस्ताव शामिल है। ड्राफ्ट में मोबाइल फोन का एक उदाहरण दिया गया है। इसके तहत अगर कोई नया मोबाइल एक्सचेंज के तहत 20 हजार रुपए में बेचा गया हैए बिना एक्सचेंज के उसकी कीमत 24 हजार है तो जीएसटी की गणना 20 हजार के बदले 24 हजार रुपए पर होगी। पुराने मोबाइल, फ्रीज, टीवी, बाइक और कार जैसी चीजों में कंपनियां धड़ल्ले से एक्सचेंज ऑफर देती हैं। इससे ग्राहकों व कंपनी दोनों को दिक्कत होगी। सामान महंगा मिलेगा और कंपनियां एक्सचेंज ऑफर आसानी से नहीं दे पाएंगी।

## पोटाश के दामों में वृद्धि होने की संभावना

**मुंबई।** सरकार ने बीते हफ्ते चालू वित्त वर्ष 2017.18 के लिए पोटाश सब्सिडी में 20 फीसद कटौती की थी। इसे देखते हुए घरेलू उर्वरक कंपनियां जल्द पोटाश के दामों को बढाने की तैयारी में हैं। इसकी ऊंची कीमतों से मांग के प्रभावित होने की आशंका है। इसने बड़े ग्लोबल आपूर्तिकर्ताओं के लिए चिंता बढा दी है। भारत दुनिया में पोटाश के सबसे बड़े आयातकों में से एक है।

सब्सिडी में कटौती के कारण भारतीय कंपनियां अंतरराष्ट्रीय आपूर्तिकर्ताओं के साथ वार्षिक आयात कांट्रैक्ट में कीमतों को लेकर मोलतोल की योजना भी बना रही हैं। घरेलू फर्में जिन बड़ी ग्लोबल कंपनियों से पोटाश खरीदती हैं, उनमें उरलाकली, पोटाश कॉर्प ऑफ सस्केचेवान, एग्रियम इंक, मोजैक, केप्लसएस, अरब पोटाश और इजरायल केमिकल्स शामिल हैं।



भारत और चीन जिन कांट्रैक्ट पर हस्ताक्षर करते हैं, उन्हें अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क माना जाता है। मलेशिया और इंडोनेशिया जैसे अन्य पोटाश खरीदार इन पर करीब से नजर रखते हैं। बीते हफ्ते कैबिनेट ने पोटाश सब्सिडी में 20 फीसद कटौती की थी।

भारत में सालाना करीब 40 लाख टन पोटाश की खपत होती है। अपनी जरूरत को पूरा करने के लिए वह आयात पर निर्भर रहता है। लेकिन ऊंची कीमतों के कारण इस बात की आशंका है कि देश के 26.3 करोड़ किसान इसके इस्तेमाल को सीमित करें। जून और जुलाई में किसान चावल, गन्ना, मक्का,कपास और सोयाबीन की फसलें लगाने वाले हैं।

इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव,इफको के एमडी यूएस अवस्थी ने कहा कि सब्सिडी में कटौती के मद्देनजर आपूर्तिकर्ताओं के साथ मोलतोल किया जाएगा ताकि भारतीय किसानों के लिए कम से कम कीमतों पर पोटाश को खरीदा जा सके। वित्त वर्ष 2017-18 में भारतीय पोटाश आयात की जरूरत में कमी आने की संभावना है। इसकी एक वजह यह भी है कि बीते साल का काफी स्टॉक बचा हुआ है।

## एयर एशिया लाया मेगा स्कीम, सिर्फ 1249 में करें सफर

**नई दिल्ली।** एयर एशिया अपने यात्रियों के लिए एक नई मेगा स्कीम लेकर आया है, जिसके चलते वो 1249 रुपए के मामूली किराए पर हवाई यात्रा कर सकते हैं। इस ऑफर के तहत 9 अप्रैल तक टिकट बुक और यात्रा 30 सितंबर तक की का सकती है। यह ऑफर बैंग्लुरु, गोवा, नई दिल्ली, कोच्चि, हैदराबाद, पुणे और विशाखापटनम तक के लिए मान्य है।

एयर एशिया मेगा सेल स्कीम में गुवाहाटी,इम्फाल, सभी कर समेत 1249 रुपये, हैदराबाद से बैंगलुरु 1499 रुपये, रांची से कोलकता 2149 रुपये, बैंगलुरु से गोवा 1619 रुपये, और रांची से नई दिल्ली 2499 के रुट्स शामिल है।

### एयर एशिया इंडिया ने बढ़ाए दो और रूट्स

एयर एशिया इंडिया ने दो और गंतव्यों को अपने नेटवर्क में शामिल किया। ये दो नेटवर्क कोलकाता और रांची हैं। कोलकाता और रांची को अपने नेटवर्क में शामिल करने से एयरएशिया इंडिया को अपना नेटवर्क बढ़ाकर 15 करने में मदद करेगी। आपको बता दें कि एयर एशिया इंडिया टाटा संस और मलेशियाई एयरलाइन्स एयर एशिया का एक ज्वाइंट वेंचर है। एयर एशिया इंडिया कोलकाता और रांची रूट पर 1,999 रुपए में टिकट उपलब्ध करवा रही है। वहीं रांची और दिल्ली रूट के लिए आपको 2,499 रुपए और कोलकाता - नई दिल्ली रूट के लिए 2,999 रुपए देने होंगे। इस ऑफर के साथ इन नए रूट्स पर आप 15 अप्रैल 2017 से 5 जून 2017 तक यात्रा कर पाएंगे।

## ईपीएफओ का फैसला, अब पूरे वेतन पर भी पीएफ

**कानपुर।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ईपीएफओ के सदस्य अब पूरे वेतन पर भी पेंशन ले सकते हैं। ऐसा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के आधार पर हुआ है। ईपीएफओ के केंद्रीय अपर भविष्य निधि आयुक्त, मुख्यालय, डॉ एस के ठाकुर ने सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के संदर्भ में आदेश जारी करते हुए कहा है यदि किसी पेंशनर का पीएफ अंशदान पीएफ की सीलिंग सीमा से अधिक वेतन पर कटता था, लेकिन पेंशन फंड में सीलिंग सीमा के आधार पर ही गणना कर पैसा जाता था तो उसके अंतर की राशि ब्याज सहित जमा कर बढी हुई पेंशन प्राप्त कर सकते हैं।

### बढती गई सीलिंग

सीमा वर्ष 2001 में सीमा 6500 थी और एक सितंबर 2014 से यह सीमा बढकर 15 हजार रुपए कर दी गई। कर्मचारियों का अंशदान इसी राशि पर 12 फीसद की दर से उनके वेतन से काट कर जमा किया जाता है और इतना ही अंशदान सेवायोजक मिलाते हैं। सेवायोजक के अंशदान का 8.33 हिस्सा पेंशन फंड में जाता है जिससे कर्मचारी के 58 वर्ष की आयु में सेवानिवृत्त होने पर गणना कर पेंशन का भुगतान दिया जा सकता है।

## 200 रुपए का नोट लाने की तैयारी कर रही सरकार

**नई दिल्ली।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया जल्द ही 200 रुपए का नोट बाजार में उतार सकता है। इस तरह की चर्चाएं मीडिया में बनी रहीं। हालांकि आरबीआई या वित्त मंत्रालय की ओर से किसी प्रकार की पुष्टी खबर सामने नहीं आई लेकिन इन चर्चाओं के अनुसार 200 रुपए के नोट की तैयारी आरंभ हो चुकी है। यह भी बताया जा रहा है कि इस नए नोट में एक प्रकार का सिक्योरिटी फीचर होगा जिसके कारण इसकी कॉपी नहीं की जा सकेगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, आरबीआई की यह भी योजना है कि 2000 और 500 के नए नोट में सुरक्षा फीचर्स हर तीन-चार साल मे बदल दिए जाएं। यह कदम जाली नोट पकड़े जाने के मद्देनजर उठाए गए हैं। सूत्रों के मुताबिक गुरुवार को जाली नोटों से निपटने और नोटों के सुरक्षा फीचर्स में बदलाव लाने के संबंध में केंद्रीय गृह सचिव राजीव महर्षि समेत वित्तए गृह मंत्रालय के शीर्ष अधिकारियों की बैठक हुई थी। आपको बता दें की 8 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नोटबंदी का ऐलान किया था। इसके बाद 500 और 1000 रुपए के नोटों को बैन कर दिया गया था। बाद में सरकार ने 500 और 2000 रुपए के नए नोट जारी किए थे।

## आरबीआई गवर्नर को मोदी सरकार का तोहफा- बेसिक सैलरी में भारी इजाफा

**नई दिल्ली। रिजर्व बैंक के गवर्नर उर्जित पटेल के साथ डिप्टी गवर्नरों की सैलरी में भारी इजाफा हुआ है। सरकार ने इनकी बेसिक सैलरी में दोगुने से ज्यादा की बढोतरी की है। उर्जित का मूल वेतन बढाकर 2.5 लाख तो डिप्टी गवर्नर का 2.25 लाख रुपए कर दिया गया है। यह बदलाव पीछे की तारीख एक जनवरी 2016 से लागू है। इससे पहले तक आरबीआई के गवर्नर की बेसिक सैलरी 90 हजार जबकि डिप्टी गवर्नर की 80 हजार रुपए हुआ करती थी। बढोतरी के बावजूद इनके वेतन उन विभिन्न बैंकों के टॉप एक्जीक्यूटिव से कम हैं जिनका केंद्रीय बैंक नियंत्रण करता है। आरबीआई के इन शीर्ष अधिकारियों के मासिक वेतन में बेसिक पे, महंगाई भत्ता,डीए, और अन्य भुगतान शामिल हैं। सूचना के अधिकार ,आरटीआई, के तहत् मांगी गई जानकारी पर केंद्रीय बैंक ने बताया कि वित्त मंत्रालय की ओर से 21 फरवरी को दी गई सूचना के अनुसार गवर्नर और डिप्टी गवर्नर के बेसिक पे में संशोधन किया गया है। इस बदलाव के बाद गवर्नर की बेसिक सैलरी बढकर 2,50,000 और डिप्टी गवर्नर की 2,25,000 रुपए हो गई है। महंगाई भत्ता समय-समय पर केंद्र सरकार की ओर से बढाया जाता है जबकि अन्य सभी भत्तों का भुगतान मौजूदा दरों पर किया जाएगा। फिलहाल केंद्रीय बैंक ने यह नहीं बताया है कि बढोतरी के बाद इन अधिकारियों का कुल वेतन कितना हो गया है। पहले 90 हजार बेसिक सैलरी के साथ पटेल को 1,12,500 रुपए डीए और अन्य भत्तों के तहत 7000 रुपए मिलते थे। इस तरह उनकी कुल मासिक सैलरी 2,09,500 रुपए हो जाती थी। केवल मूल वेतन में बढोतरी को ही ले लें तो यह उनकी सैलरी को करीब 3.70 लाख रुपए पर पहुंचा देता है।**

## ऐसे बनाए खुद की कंपनी और शुरू करें अपना कारोबार

ज्यादातर लोगो की ख्वाहिश होती है कि अपना खुद का कोई न कोई कारोबार हो, तो आज हम आपको बताएगें कि आप अपनी खुद की एक कंपनी कैसे खोल सकते हैं, इसके लिए क्या प्रोसेस् है।

वैसे तो आजकल ऑन लाईन रजिस्ट्रेशन होने से अब हमे इतनी ज्यादा दिक्कत नहीं होती है, हमे यदि किसी प्राईव्हेट लिमिटेड कम्पनी की शुरुआत करनी है तो हमे कम से कम 2 और अधिक से अधिक 15 सदस्यों की जरुरत होती है। ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया की शुरुआत होने के बाद न्यू कम्पनी रजिस्ट्रेशन में जबरजस्त उछाल आया है। आंकड़ो की माने तो 3 महीनो के अंतराल में लगभग 20 हजार से ज्यादा कंपनियों का रजिस्ट्रेशन हुआ है।

### कंपनी के रजिस्ट्रेशन में लगते हैं : कितने दिन

आम तौर पर किसी प्राईव्हेट लिमिटेड कम्पनी के रजिस्ट्रेशन में लगभग 15 से 20 दिनों का समय लगता है। लेकिन रजिस्ट्रेशन के लिए कस्टमर द्वारा जमा किये गये डाक्यूमेंट और सरकार द्वारा कितनी जल्दी स्वीकृति मिलती है यह उस पर निर्भर करता है। इसलिए हमे कम्पनी का नाम यूनिक सबसे अलग रखना चाहिए और रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू होते ही कम्पनी से सम्बंधित दस्तावेज ऑनलाइन या ऑफलाइन सम्बंधित विभाग में जमा कर देना चाहिए ताकि रजिस्ट्रेशन का काम जल्दी से जल्दी हो सके।

### कंपनी में कितने लोग होने चाहिए

प्राइवेट लिमिटेड कंपनी खोलने के लिए कम से कम 2 लोगो की आवश्यकता होती है, इसके अलावा कम से कम 2 और अधिक से अधिक 200 शेयर होल्डर्स होने की परमिशन आपको कॉर्पोरेट अफेयर्स मंत्रालय देता है, एक प्राईव्हेट लिमिटेड कम्पनी में कम से कम 2 और अधिक से अधिक 15 डायरेक्टर हो सकते है।

### डायरेक्टर बनने की योग्यता

एक कंपनी का डायरेक्टर बनने के लिए आपकी उम्र कम से कम 18 वर्ष होनी चाहिए एवं इसके किये कोई एजुकेशनल योग्यता की आवश्यकता नहीं होती है, अर्थात् 18 वर्ष से अधिक की उम्र का कोई भी व्यक्ति प्राईव्हेट लिमिटेड कम्पनी का डायरेक्टर बन सकता है, इसके अलावा कम्पनी डायरेक्टर बनने के लिए किसी प्रकार की नागरिकता या निवास स्थान सम्बन्धी कोई अड़चन नहीं है, इसीलिए एक विदेशी नागरिक भी किसी भी भारतीय कम्पनी का डायरेक्टर बन सकता है।